बिहार सरकार

परिवहन विभाग

पत्रांक– 06/विविध–08/2018 4161 पटना, दिनांक– 26/6/18

प्रेषक,

राज्य परिवहन आयुक्त,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला परिवहन पदाधिकारी,
बिहार,

विषय: गति नियंत्रण उपकरण से संबंधित जानकारी वाहन 4.0 में दर्ज किये जाने के संबंध में।

महाशय,

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की अधिसूचना संख्या 290(अ) दिनांक 15.04.2015, अधिसूचना संख्या 424(अ) दिनांक 01.05.2017 द्वारा निर्धारित मापदंड एवं विभागीय परिपत्र संख्या 3020 दिनांक 08.06.2017 के आलोक में गति नियंत्रक विनिर्माता कम्पनियों को बेस मॉडल एवं वैरियन्ट के आधार पर परिवहन यानों में गति नियंत्रक उपकरण लगाये की अनुमति प्रदान की गई है ।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित पत्र संख्या 15/2016/CORS दिनांक 11.04.2017 के आलोक में लगाये गये गति नियंत्रक उपकरण की एजेन्सीवार, माहवार प्रतिवेदन की मांग की जाती है । इस हेतु यह आवश्यक है कि परिवहन यानों में लगाये गये गति नियंत्रक उपकरणों की सभी विशिष्टियां वाहन 4.0 में दर्ज की जाय ।

समीक्षा में यह पाया गया कि कतिपय जिलों के द्वारा विनिर्माता कंपनियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये सूची जानकारी के अभाव में वाहन 4.0 में दर्ज नहीं कराये जा सके है ।

अतः पत्र प्राप्ति के साथ ही किसी एक दक्ष डाटा इंट्री ऑपरेटर को अपने जिले अन्तर्गत गति नियंत्रक उपकरण के फिटमेंट सर्टिफिकेट एवं विनिर्माता कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा के आधार पर वाहन 4.0 सॉफ्टवेयर में शत प्रतिशत अंकित करना तथा समय-समय पर इसकी जांच एवं समीक्षा अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे । सुलभ प्रसंग हेतु प्रक्रिया पत्र के साथ संलग्न की गई है ।

अनु0-यथोक्त ।

विश्वासभाजन,

26.06.18

राज्य परिवहन आयुक्त,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

गति नियंत्रण उपकरण से संबंधित जानकारी वहन 4.0 में दर्ज करने की प्रक्रिया

क्रम	दर्ज करने की प्रक्रिया
1	1. इस कार्य हेतु चयनित डाटा इंट्री ऑपरेटर वाहन 4.0 में Operater Login करेगें ।
2	2. इसके अन्तर्गत कॉलम Select Action में जाकर Modify Vehicle Detail Admin का चयन करेगे।
3	चयन करने के पश्चात् निबंधन संख्या अंकित करते हुये जिस वाहन का गति नियंत्रक उपकरण का विवरणी दर्ज करना है को अंकित करते हुये शो–फार्म का चयन करेगें।
4	शो–फार्म के चयन के पश्चात् Vehicle Detail Tab पर क्लिक करेगे ।
5	उक्त प्रपत्र के नीचे गति नियंत्रक उपकरण लगाये की सूचना चेक बॉक्स का चयन कर प्रपत्र में सभी आंकड़े दर्ज करते हुये सुरक्षित करेगें ।